एक नजर में

परशुराम पुरी जलालाबाद में दो बाइकों की भिड़ंत,ग्राम पहरुआ निवासी कल्लू यादव गंभीर घायल

शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र में सड़क हादसा हो गया। ग्राम पहरुआ निवासी कल्लू यादव बाइक से जलालाबाद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में कल्लू यादव के सिर में गंभीर चोट आई है।हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायल कल्लू यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरिया में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

मारपीट के आरोप

जलालाबाद, शाहजहांपुर। गाय के सब्जी खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद एक महिला की मौत के मामले तक पहुंच गया। संडीला निवासी राम पति पत्नी सीताराम, छोटी सब्जी मंडी स्थित पुराने अस्पताल के पास लगभग 40 वर्षों से रह रही थीं। वहीं पर सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही थी परिजनों के अनुसार, 16 अक्टूबर 2026 को गाय के सब्जी खाने पर आपत्ति जताने के बाद विवाद हुआ। आरोप है कि अजय उर्फ सौरव पुत्र वीरेंद्र और वीरेंद्र ने राम पति (पुष्पा)के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना के बाद महिला थाने पहुंची, जहां से उन्हें नगरिया अस्पताल भेजे जाने की बात सामने आई। परिजनों का आरोप है कि हालत गंभीर होने के बावजूद उन्हें जिला अस्पताल नहीं भेजा गया और न ही मेडिकल परीक्षण कराया गया।बताया गया कि मंगलवार रात पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब सवाल है कि महिला को समय पर समुचित उपचार मिला या नहीं और मारपीट के आरोपों की निष्पक्ष जांच हुई या नहीं। मामले में पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है।

पांच घायल,छह वर्षीय बच्चे की मौत

मोहम्मदी । शाहजहांपुर मार्ग पर जिओ पेट्रोल पंप के सामने हुआ हादसा मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी-शाहजहांपुर मार्ग पर जिओ पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से एक ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। शाहजहांपुर जिले के पुवायां थाना क्षेत्र के सकरापुर निवासी आदिल का छह वर्षीय पुत्र सिवान अपने परिजनों के साथ मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उचौलिया थाना क्षेत्र के छोलाबारी गांव में रिश्तेदारी में आया था। बुधवार को सभी लोग ई-रिक्शा से मोहम्मदी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जिओ पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान सिवान ई-रिक्शा के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में सात वर्षीय फातिमा, 42 वर्षीय फातिमा और रुखसाना सहित ई-रिक्शा चालक साज मोहम्मद 30 निवासी बहेड़ा, थाना उचौलिया जिला लखीमपुर घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहम्मदी पहुंचाया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

नव दुर्गा देवी मंदिर में हुआ भंडारा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। मोहल्ला गढ़ी स्थित श्री नव दुर्गा देवी मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ भंडारा किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने सेवा और सहयोग की भावना के साथ आयोजन में सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से धार्मिक आस्था आपसी प्रेम सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया गया। आयोजक मंडल ने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं और भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पोलिंग पार्टियां मतदान के लिए आज होंगी रवाना

लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) योगानंद पाण्डेय की मौजूदगी में जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में मतदान कार्मिकों का तृतीय एवं अंतिम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया में स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन प्रेक्षकगण भी शामिल हुए। इस दौरान डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र सिंह, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र सिंह ने कहा कि रेंडमाइजेशन के तहत रिजर्व सहित कुल 100 पोलिंग पार्टियों का निर्धारण किया गया। इनमें से 85 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर तैनात होकर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराएंगी, जबकि शेष 15 पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। इनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर किया जाएगा।**गुरुवार सुबह डीएस कॉलेज से होगी रवानगी**निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार सुबह डीएस कॉलेज स्थित पार्टी रवानगी स्थल से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। रवानगी से पहले संबंधित मतदान कार्मिकों को ड्यूटी ऑर्डर वितरित किए जाएंगे। अंतिम रेंडमाइजेशन के साथ ही मतदान कार्मिकों की तैनाती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन का जोर निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराने पर है।

बुराई पर अच्छाई की हुई जीत ,धूं धूं कर जला रावण

गोला गोकरननाथ खीरी । दशहरा के अवसर पर रामलीला मेले में राम और रावण के युद्ध में राम ने रावण को मार कर बुराई का अंत कर दिया रावण, मेघनाथ, और कुंभकरण के पुतलों में मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने लगाई आग धूं धूं कर जला रावणइस तरह बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया और रामलीला मेला समाप्त हुआइस मौके परविधायक अमन गिरीनगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवालमेला कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरी पूर्व भाजपा नगरध्यक्षरामकृष्ण गुप्ताऔर मेला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बॉक्स में बंद मिला युवक का शव, पत्नी समेत चार पर कारर्वाई

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में रायबरेली-उन्नाव हाईवे स्थित हेल्थ हॉस्पिटल के सामने लोहे के बड़े बॉक्स में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, युवक की हत्या उसकी पत्नी ने पड़ोसी के साथ मिलकर की थी। इसके बाद शव को चादर और कंबल में लपेटकर बॉक्स में बंद किया गया और लोडर से हाईवे किनारे फेंक दिया गया। मामले में पत्नी समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बट्टा-लोढ़ा, लोडर और लोहे का बॉक्स बरामद किया है। आरोपित तौहीद और बाल अपचारी के पास से 8,200 रुपये भी मिले हैं। लोडर मालिक एवं चालक राजेश गुप्ता की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, तौहीद के खिलाफपहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।**सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग**पुलिस के अनुसार, मंगलवार को हेल्थ हॉस्पिटल के सामने संदिग्ध बॉक्स रखे होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बॉक्स खोला तो उसमें चादर और कंबल में लिपटा खून से लथपथ युवक का शव मिला। एसएसपी के निर्देश पर सदर पुलिस, स्वाट और सर्विलांस की पांच टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी फुटेज में एक छोटा हाथी लोडर बॉक्स लेकर गदनखेड़ा की ओर से आता और कुछ देर बाद खाली लौटता दिखाई दिया। एनपीआर कैमरों की मदद से वाहन का नंबर यूपी 35 एटी 1938 मिला। जांच के बाद पुलिस कंचन नगर, शुक्लागंज निवासी नेहा रावत तक पहुंची।**नशे की लत को लेकर होता था विवाद** पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में नेहा ने बताया कि सोनू से उसकी करीब सात-आठ वर्ष पहले नजदीकियां हुई थीं। दोनों ने शादी कर ली थी और उनका पांच वर्षीय बेटा है। सोनू की नशे की लत को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद और मारपीट होती थी। पुलिस का आरोप है कि इसी से परेशान होकर नेहा ने पड़ोसी जितेंद्र सिंह उर्फराहुल के साथ हत्या की साजिश रची। आरोपितों ने बट्टा-लोढ़ा से वार करने के बाद कंबल से सोनू का मुंह और नाक दबा दी। मौत के बाद शव को कमरे में बंद कर दिया गया। बाद में तौहीद और एक बाल अपचारी की मदद से शव को लोहे के बॉक्स में रखकर हाईवे किनारे फेंक दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा, अपराध निरीक्षक नईम खां, उपनिरीक्षक अनिल कुमार साहू व अनिल कुमार सिद्धार्थ, कांस्टेबल हरिओम, भूपेंद्र, महेश, रवींद्र कुमार तथा महिला कांस्टेबल लक्ष्मी चौधरी और प्रिया यादव शामिल रहीं।

सड़कों के गड्ढे जल्द भरें, लापरवाही पर होगी कारर्वाई- डीएम

उन्नाव। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने सड़कों को गड्ढामुक्त कराने और दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) में सुधार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि काम में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत जल्द कराने के निर्देश दिए। कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग और गंगा एक्सप्रेसवे के क्षतिग्रस्त मार्गों को प्राथमिकता से दुरुस्त करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि अगली समीक्षा बैठक में कार्यों की प्रगति परखी जाएगी। उन्होंने सड़कों से अवैध कट और अतिक्रमण हटाने, संकेतक व रिफ्लेक्टर लगाने तथा ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफअभियान चलाने को कहा। सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और उन्नाव व गंगाघाट नगर निकाय के अधिकारियों को दिए गए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर वृद्ध की मौत

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के बगहरी गांव में मंगलवार सुबह कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर 80 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।गांव निवासी महादेव पुत्र लोधा मंगलवार सुबह घर के बाहर बैठे थे। तभी कच्चे कमरे की दीवार अचानक ढह गई और वह मलबे में दब गए। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से उन्हें बाहर निकाला और सीएचसी नवाबगंज ले गए। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी नन्ही देवी, बेटे बसंत लाल और विमल तथा बेटियां ओम कुमारी और प्रेमा का रो-रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुरवा में 161वीं भरत मिलाप शोभायात्रा का भव्य स्वागत

पुरवा, उन्नाव। कस्बे में बुधवार को 161वीं ऐतिहासिक भरत मिलाप शोभायात्रा हाथी-घोड़ों, बैंड-बाजे और जयघोष के साथ निकाली गई। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। राम-भरत मिलाप के बाद झांकियों को पुरस्कृत कर यात्रा का समापन हुआ। मां आनंदेश्वरी मंदिर परिसर से ब्रह्ममंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पूजन के बाद झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना की। यात्रा में हनुमान, शिव-पार्वती, नवदुर्गा, राधा-कृष्ण, लक्ष्मी-नारायण, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, लव-कुश और श्रवण कुमार सहित डेढ़ सौ से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल रहीं।

पानी भरे गड्ढे में मोटरसाइकिल समेत मिला शव

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में मौरावां-बिहार मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के पास बुधवार सुबह पानी से भरे गड्ढे में मोटरसाइकिल समेत एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक की पहचान लखनऊ निवासी विजयपाल सिंह (55) के रूप में की। विजयपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय जमुना प्रसाद सिंह आलमबाग के रामनगर के निवासी थे। वह मंगलवार रात करीब 10 बजे दुर्गागंज गांव में निर्माणाधीन खेल मैदान से मोटरसाइकिल (यूपी 32 जेक्यू 392) से घर के लिए निकले थे। बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे मलौना गांव के पास सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में उनका शव मोटरसाइकिल समेत पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर परिजनों को जानकारी दी। मोटरसाइकिल गड्ढे में जाने से वह पानी में डूब गए। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगा।

मतदान के दिन नही बिकेगी देशी-विदेशी शराब

लखीमपुर खीरी। विधान परिषद निर्वाचन-2026 के मद्देनजर जिले में 23 अक्टूबर को जनपद खीरी में स्थित देशी और विदेशी मदिरा, बीयर तथा भांग की सभी थोक एवं फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। इसके साथ ही सभी बार अनुज्ञापन भी बंद रहेंगे।

जिलाधिकारीध् जिला मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा-59 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से 23 अक्टूबर को जिले में मदिरा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

डीएम ने स्पष्ट किया है कि बंदी दिवस के लिए किसी भी अनुज्ञापी को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा। आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अनुज्ञापियों अथवा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आजाद हिंद सरकार का स्थापना दिवस मनाया

लखीमपुर खीरी। नेता सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्थापित आजाद हिंद सरकार का स्थापना दिवस अखंड भारत के स्वतंत्रता दिवस के रूप में अखिल भारतीय सुभाष वादी जनता। श्री वेदमाता गायत्री प्रचार समिति। सुभाष सेवा समिति नगर स्थित सुभाष पार्क में श्रद्धा उल्लास से मनाया गया।सर्व प्रथम प्रात: 9 बजे आजाद हिंद सरकार का स्प्रिंगिंग टाइगर चिन्हांकित राष्ट्रीय ध्वज सभासद कुमुदेश शंकर शुक्ल ने फहराया कार्यक्रम में में शुभ सुख चौन की बरषा बरसे राष्ट्रीय गान संवेद स्वरों में गाया गया। तत्पश्चात सभी ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और नमन किया तथा प्रसाद वितरित किया गया। जनपद के वरिष्ठ सुभाष वादी विद्यासागर ने आजाद हिंद सरकार की स्थापना के वारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री वेदमाता गायत्री प्रचार समिति के संस्थापक अध्यक्ष पं राजेश दीक्षित ने बताया कि नेता जी की आजाद हिंद फौज का बलिदान सदा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर नरेंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, विनोद जायसवाल, नैमिष बर्मा, शिव पूजन,ऋचा शर्मा,दिलीप गुप्ता ,नन्हा, राजन पाण्डेआदि ने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय दिवस मनाने की मांग भारत सरकार से की गई। तत्पश्चात सुभाष वादी मेजर देशराज सिंह, राजवीर सिंह, क्रांतिकारी चौतन्य भारती, सुखीराम के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

बुकिंग के सापेक्ष 2,277 कृषकों की बुकिंग कंफर्म

लखीमपुर-खीरी। जनपद खीरी के तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा 16500 सरसों बीज मिनीकिट उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक पैकेट 2 किलोग्राम का है अर्थात एक एकड़ बुवाई के लिए पर्याप्त है। उपलब्ध कराई गई मिनीकिटो में 2 प्रजातियों पी.एम.32 व गिरिराज का बीज है। पी.एम. 32 में इरुसिक एसिड 2 प्रतिशत से कम और ग्लूकोसिनोलेट्स 30 पीपीएम से कम होता है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा संकेत है। सरसों की बुवाई के लिए अक्टूबर माह का तीसरा पखवाड़ा उपयुक्त समय है। इन दोनों प्रजातियों की औसत इस संदर्भ में उप निदेशक कृषि गिरीश चन्द्र ने बताया कि उत्पादकता 25 से 27 कुंतल है तथा अच्छी परिस्थितियों में 33 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन देने की क्षमता है। 18 अक्टूबर तक लक्ष्य के सापेक्ष 3,125 सरसों बीज मिनी किट की कृषको द्वारा बुकिंग की जा चुकी है तथा बुकिंग के सापेक्ष 2,277 कृषकों की बुकिंग को कंफर्म कर दिया जा चुका है। ऐसे कृषक भाई जिनकी बुकिंग कंफर्म हो गई है विकासखंड पर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार से पोस मशीन के माध्यम से मिनी किट बीज निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

उप निदेशक कृषि ने बताया कि इच्छुक किसान स्वयं अथवा जन सेवा केंद्र के माध्यम से कृषि विभाग के पोर्टल हतपबनसजनतम.नच.हवअ.पद पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

उपायुक्त स्वता: रोजगार की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

लखीमपुर-खीरी। उपायुक्त स्वता: रोजगार की अध्यक्षता में किसान दिवस विकास भवन में आयोजित किया गया। उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र ने आये अधिकारियों, प्रगतिशील कृषकों, पशुपालकों एंव मत्स्य पालकों तथा सी0वी0वी0ओ का स्वागत करते हुये बैठक की शुरूआत की।

उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित कृषकों को बीज बुकिंग तथा ई-लाटरी के सम्बन्ध में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक ने कृषकों से कहा कि अब तक जिन फार्मर द्वारा आई0डी0 नही बनवाई गई है, वह कृषक अपने साथ ही अपने परिवार के सदस्यों (जिनके पास कृषि योग्य भूमि है) के साथ फार्मर आई0डी0 अवश्य बनवा लें।

इसके साथ ही कृषि यंत्रों की बुकिंग तिथि को 27 अक्टूबर तक बढाये जानें की जानकारी दी गई। इस मौके पर उपायुक्त स्वता: रोजगार जीतेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी दिनेश सचान द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये अनुदान पर उपलब्ध गन्ना प्रजातियों के बारे में अवगत कराया।

कृषि वैज्ञानिक राकेश कुमार सिंह द्वारा समसामयिक चर्चा करते हुये खरीफ फसलों के भण्डारण तथा रबी फसलों की तैयारी के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी, वन विभाग, उद्यान विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर में

धम्म विजयदशमी पर बुद्ध विहार में गूंजा शांति का संदेश

उन्नाव। शहर के गदनखेड़ा स्थित सम्राट अशोक शांति उपवन बुद्ध विहार में धम्म विजयदशमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भंते सम्यक बोधि ने भगवान बुद्ध, सम्राट अशोक और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करने के साथ किया। श्रद्धालुओं को पंचशील ग्रहण कराया गया।मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने हिंसा त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाया और शांति व करुणा का संदेश देश-विदेश तक पहुंचाया। उन्होंने बुद्ध विहार के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने बुद्ध विहार के गेट से मुख्य संपर्क मार्ग तक सीसी रोड बनवाने की घोषणा की। ब्रह्माकुमारी आश्रम की प्रमुख बहन कुसुम दीदी ने भी बुद्ध के विचारों को मानव कल्याण के लिए प्रासंगिक बताया।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन, परिजनों का सम्मान

उन्नाव। पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस पर स्मृति परेड आयोजित कर कर्तव्य पालन के दौरान प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने कहा कि देश और समाज की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनकी वीरता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा पुलिस विभाग के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से शहीदों के आदर्शों पर चलते हुए ईमानदारी और समर्पण के साथ जनसेवा करने का आह्वान किया। इसके बाद एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव, एएसपी दक्षिणी शैलेंद्र लाल, एएसपी एवं सीओ सफीपुर दीपक यादव, एएसपी एवं सीओ बीघापुर प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित कर उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। अंत में पुलिसकर्मियों ने शहीदों के आदर्शों पर चलते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

नौगवां के दंगल में भूपेंद्र यादव ने मारी बाजी

बिछिया, उन्नाव। नौगवां में दशहरा पर्व पर तौरा चौराहा स्थित मिनी स्टेडियम में विशाल दंगल आयोजित किया गया। इसमें दूर-दराज से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया। अंतिम कुश्ती में उन्नाव के भूपेंद्र यादव ने कानपुर के संजू को हराकर जीत हासिल की। विजेता को 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। दंगल में आसपास के क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला और कौशल का प्रदर्शन किया। अंतिम मुकाबले में भूपेंद्र यादव और संजू के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। अंतत: भूपेंद्र यादव ने संजू को पराजित कर मुकाबला अपने नाम किया। आयोजक अनुज यादव और कमेटी के सदस्यों ने विजेता को 31 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की। दंगल का आयोजन समस्त नौगवां ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। मुकाबले देखने के लिए बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी पहुंचे। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष जयचंद्र विमल, पूर्व विधायक उदय राज यादव, सुंदर लाल लोधी, बीतेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार रावत, योगेंद्र प्रताप सिंह सहित राकेश यादव, बैनी लोधी, रामप्रसाद, कलिका प्रसाद, देवेंद्र, अवध, सतीश, सुरेंद्र, रंजीत, नीरज, सूरज, लल्लू, विशाल, अंश मोहित सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

धू-धू कर जला रावण का पुतला, जयकारों से गूंजे पंडाल

शुक्लागंज, उन्नाव। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी मंगलवार को नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीताराम कॉलोनी, ऋषि आश्रम और पोनी रोड स्थित रामलीला परिसरों में रावण वध देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़े। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। रामलीला में लक्ष्मण-मेघनाथ युद्ध और कुंभकर्ण वध के बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध का मंचन हुआ। अंत में श्रीराम ने ब्रह्मास्त्र से रावण का वध किया। इसके बाद रावण के विशालकाय पुतले में अग्निबाण लगते ही वह धू-धू कर जल उठा। पुतला दहन के साथ आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा। 'जय श्रीराम' के जयकारों और तालियों के बीच बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मेले का आनंद लिया। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

घर के अंदर फंदे से लटका मिला युवक का शव

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गोरीमऊ गांव में बुधवार को 32 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर साड़ी के सहारे फंदे से लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गोरीमऊ निवासी संदीप पुत्र रामखेलावन चंडीगढ़ में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। ग्रामीणों के अनुसार, वह कुछ दिन पहले ही गांव आया था। करीब एक सप्ताह पहले उसकी पत्नी अर्चना दोनों बच्चों को लेकर चंडीगढ़ चली गई थी। इसके बाद से संदीप परेशान रहने लगा था। बुधवार को उसका शव घर के अंदर जाली से साड़ी के सहारे लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि पिता रामखेलावन की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

केदारेश्वर मंदिर में 101 कन्याओं को कराया भोज

पुरवा, उन्नाव। विजयदशमी पर दलीगढ़ी स्थित केदारेश्वर मंदिर में केदारेश्वर सेवा समिति की ओर से मंगलवार को हवन-पूजन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान 101 कन्याओं को भोज कराया गया और श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, खीर, हलवा, चावल व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।समिति की ओर से 13 बुजुर्गों को अंगवस्त्र और रामचरितमानस भेंटकर सम्मानित किया गया। इनमें श्रीराम, बाबू, रज्जू अवस्थी, राजनारायण, सियाराम यादव, मोती यादव और प्रेमशंकर गुप्ता सहित अन्य बुजुर्ग शामिल रहे।

आरएसएस का पथ संचलन, भारत माता के जयकारों से गूंजा नवाबगंज

अजगैन, उन्नाव। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजयादशमी कार्यक्रम के तहत बुधवार को नवाबगंज में भव्य पथ संचलन निकाला गया। श्याम लाल इंटर कॉलेज परिसर में सुबह करीब सात बजे बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एकत्र हुए। अनुशासित तरीके से कतारबद्ध होकर स्वयंसेवकों ने कस्बे में पथ संचलन किया। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर अनुशासन, एकता और संगठन का संदेश दिया। भारत माता की जय के जयघोष से कस्बे का वातावरण गूंज उठा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही।

सूचना

मैनें अपने पुत्र संतोष व पुत्रवधू संगीता के गलत कृत्यों व दुर्व्यवहार से आजिज होकर उपरोक्त को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं, अब से उपरोक्त द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे अन्य परिवारीजनों का कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

पुरूषोत्तम पुत्र देवीदयाल, ग्राम वैरी, पोस्ट सादीपुर,थाना बेहटा मुजावर, जिला उन्नाव।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट न.पी 7542653है जिसमे अंग्रेजी व हिन्दी में मेरा नाम SAVITA RANI AGARWAL सविता रानी अग्रवाल है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में अंकित नाम SAVITA AGARWAL सविता अग्रवाल है जो सही व शुद्ध है। अत:मेरे आधार व पेन कार्ड पर अंकित नाम से ही भविष्य में जाना व पहचाना जाये। **शपथकर्ता-सविता अग्रवाल पत्नी सुरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी, घासी राम भवन सुठना, कोतवाली तिकुनिया लखीमपुर-खीरी।**